भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †4201
सोमवार, 27 मार्च, 2023/6 चैत्र, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में पर्यटन को बढ़ावा देना

†4201. श्री कुलदीप राय शर्माः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में पर्यटन के विकास और वृद्धि की अपार संभावनाएं हैं;

(ख) क्या सरकार ने अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह की यात्रा हेतु विदेशी पर्यटकों को अकर्षित करने के लिए कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह की यात्रा करने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या कितनी है; और

(घ) सरकार द्वारा अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (घ) : जी हां, महोदय । सरकार इस बात से अवगत है कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पर्यटन के विकास और वृद्धि की अपार संभावनाएं हैं ।

पर्यटन का संवर्धन और विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन की जिम्मेदारी है । तथापि पर्यटन मंत्रालय अंडमान और निकोबार द्वीप सहित देश के पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का समग्र रूप से संवर्धन करता है । ''आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार'' (डीपीपीएच) और विदेशी संवर्धन और प्रचार (ओपीपी) योजना के तहत स्वीकृत बजट से घरेलू और महत्वपूर्ण वैश्विक बाजारों में संवर्धनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है । पर्यटन मंत्रालय की वेबसाइट – www.incredibleindia.org, देखो अपना देश वेबिनार और सोशल मीडिया हैंडलों के माध्यम से भी अंडमान और निकोबार द्वीप सहित देश के पर्यटन गंतव्यों का संवर्धन किया जाता है ।

पिछले तीन वर्षों के दौरान अंडमान और निकोबार द्वीप में विदेशी पर्यटक यात्राओं (एफटीवी) का विवरण निम्नानुसार है :

| वर्ष | 2020 | 2021 | 2022* |
|---|---|---|---|
| एफटीवी | 5412 | 1687 | 4461 |

*अनंतिम

पर्यटन मंत्रालय ने अपनी स्वदेश दर्शन योजना के तहत वर्ष 2016-17 में 27.57 करोड़ रु. की राशि से 'लांग द्वीप – रॉस स्मिथ द्वीप – नील द्वीप – हैवलॉक द्वीप – बर्तान्ग द्वीप – पोर्ट ब्लेयर का विकास' नामक तटीय परिपथ परियोजना को स्वीकृति प्रदान की थी और यह परियोजना भौतिक रूप से पूर्ण हो चुकी है ।

इसके अतिरिक्त नीति आयोग ने सूचित किया है कि ईको पर्यटन विकास सहित समग्र विकास के लिए अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में एव्स, लॉन्ग, स्मिथ और रॉस नामक चार द्वीपों के लिए अवधारण विकास योजना और विस्तृत मास्टर प्लान तैयार कर लिया गया है ।

*****